an>

Title: Need to start construction of sanctioned road projects and resume construction work of various roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Sheohar parliamentary constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): नियम 377 के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे काम को शुरू नहीं किए जाने की तरफ दिलाना चाहती हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र बाढ़ एवं सूखाड़ से प्रभावित है एवं माओवाद एवं नक्सलवाद सं ग्रस्त क्षेत्र है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिन ठेकेदारों को काम दिया गया है उन्होंने काम शुरू नहीं किया। क्योंकि असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें निर्माण कार्य में दिक्कत आ रही है एवं कइ कम्पनियां अनियमितताएं बरत रही हैं। जिनके कारण इस योजना के अंतर्गत जो सड़के बनी हैं वह एक साल में खराब हो गई हैं और सड़कों पर अनेकों गड्डे हो गए। सड़कों पर घटिया मैटेरियल का प्रयोग किया गया। कई सड़कें कई सालों से अधूरी पड़ी हुई हैं। इन सब का परिणाम यह हो रहा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र को प्रधान मंत्री ग्राम सड़कों से लाभ नहीं हो रहा है और ग्रामीण लोगों को अपने काम-काज में कई परिशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बेलसंड प्रमंडल एवं शिवहर प्रमंडल की अधूरी सड़कों की सूची ग्रामीण विकास मंत्रालय में दे चुकी हूं परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हुई और नियमों के विरूद्ध हो रहे कार्यों के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत अधूरी पड़ी सड़कां को शीघ्र पूरा किया जाए और घोषित उक्त योजना की सड़कों पर जल्द कार्य शुरू किया जाए।